सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र
# जालंधर ब्रीज


**प्रेरणा**
कोई रूठे अगर तुमसे तो उसे फौरन मना लो। क्योंकि ज़िद की जंग में अक्सर दूरियां जीत जाती हैं।

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-6 • 04 OCTOBER TO 10 OCTOBER 2024 • VOLUME 11 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती : पीएम मोदी

## बोले- देशभक्त नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे



**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में बीजेपी की हैट्रिक का भरोसा जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोग एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के देशभक्त नागरिक कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अपने एक्स पोस्ट में मोदी ने लिखा कि बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं। हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने हरियाणा के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम किया है। हमने सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। किसान हों, युवा हों, महिलाएं हों, गांव और शहरों का विकास हो, हमने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। हम हरियाणा को कांग्रेस के घोटालों और दंगों वाले दौर से बाहर निकालकर लाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता-जनार्दन जानती है कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी है। बापू-बेटे की राजनीति का मूल उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस यानि दलाल और दामाद का सिंडिकेट। लोग आज हिमाचल से कर्नाटक तक कांग्रेस सरकारों की विफलता भी देख रहे हैं। कांग्रेस की नीतियां, लोगों को तबाह करती हैं इसलिए हरियाणा के लोग कांग्रेस को बिल्कुल नहीं चाहते हैं। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता यह जानती हैं कि कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती। हरियाणा के लोग देख रहे हैं कि कैसे कांग्रेस के नेता आपस में लड़ रहे हैं। ये हाल तब है, जब ये विपक्ष में हैं। हरियाणा के लोगों को इस बात से भी चोट पहुंच रही है कि दिल्ली और हरियाणा में बैठे दो खास परिवारों के इशारे पर पूरा हरियाणा अपमानित हो रहा है।

### हरियाणा में थमा चुनाव प्रचार का शोर, 5 को मतदान

हरियाणा में चुनाव प्रचार खत्म हो गया है। 5 अक्टूबर को 90 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में हैं। वहीं, कांग्रेस को एक दशक के लंबे अंतराल के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद है। हरियाणा में 90 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले जाएंगे। मतदान 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। शाम छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस, आप, इनेलो-बसपा और जजपा-आज़ाद समाज पार्टी ने रैलियां और रोड शो कर मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयास किए।

## इजरायल ने एयरस्ट्राइक कर एक और चीफ का किया खात्मा !

**बेरुत.** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने गाजा पट्टी में एयर स्ट्राइक के जरिए हमास के तीन टॉप लीडर का खात्मा कर दिया है। आईडीएफ की तरफ से कहा गया है कि उत्तरी गाजा में एक भूमिगत परिसर पर हमले में गाजा के वास्तविक प्रधानमंत्री रावही मुश्तहा के साथ-साथ दो अन्य हमास कमांडरों, समेह सिराज और समेह औदेह की मौत हो गई। आईएएफ के लड़ाकू विमानों ने आतंकवादियों पर हमला किया और उन्हें मार गिराया। तीनों ने उत्तरी गाजा में अंडरग्राउंड कैंपस में शरण ली थी। इस परिसर का इस्तेमाल हमास कमांड और कंट्रोल सेंटर के रूप में करता था।

सेना ने कहा कि आईडीएफ 7 अक्टूबर के नरसंहार के लिए जिम्मेदार सभी आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखेगा और इजरायल राज्य को धमकी देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इज़रायली सेना और शिन बेट का हवाला देते हुए, द टाइम्स ऑफ़ इज़रायल ने कहा कि मुस्ताहा को तीन महीने पहले गाजा पट्टी में एक हमले में निशाना बनाया गया था, हमास के अधिकारियों समेह अल-सिराज, जिनके पास हमास के राजनीतिक ब्यूरो में सुरक्षा पोर्टफोलियो था और सामी ओदेह के साथ था। हमास के सामान्य सुरक्षा तंत्र के प्रमुख, आईडीएफ का कहना है कि उसके पास सटीक खुफिया जानकारी थी। हमास ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौत की पुष्टि नहीं की है। आईडीएफ का कहना है कि हमास अपने आतंकी गुर्गों के मनोबल और कामकाज में गिरावट को रोकने के लिए अपने नुकसान को छिपा रहा है।

## अशोक तंवर की हुई घर वापसी, राहुल गांधी ने कांग्रेस में शामिल कराया



**चंडीगढ़.** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दिन भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद अशोक तंवर की एक बार फिर से घर वापसी हुई है। राहुल गांधी ने उन्हें कांग्रेस में शमिल कराया। राहुल गांधी ने उन्हें कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। आपको बता दें कि अशोक तंवर हिसार से लोकसभा सांसद और हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के साथ राजनीतिक मतभेद के कारण उन्होंने 5 अक्तूबर 2019 को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

इसके बाद अशोक तंवर आप में शामिल हुए। आप ने उन्हें हरियाणा चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया था। वह इससे खुश नहीं थे। इसके बाद उन्होंने आप छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में उन्हें सिरसा से टिकट दिया था। वे हार गए थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका देते हुए नीलोखेड़ी (सुरक्षित) सीट से पार्टी उम्मीदवार अमर सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। सिंह ने पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि केवल कांग्रेस ही भाजपा सरकार को हरा सकती है जो "किसानों, महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय कर रही है।"

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज नूह में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमने कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा निकाली और जहां भी बीजेपी ने 'नफ़रत का बाज़ार' खोला, हमने 'मोहब्बत की दुकान' खोलीं। उन्होंने दावा किया कि हम प्यार और एकता की बात करते हैं, वे नफरत फैलाते हैं और देश को तोड़ने की कोशिश करते हैं। राहुल ने दावा किया कि बीजेपी और आरएसएस संविधान को नष्ट कर रहे हैं।

## अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में भारत की छवि की खराब, भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली.** अमेरिकी संघीय सरकारी आयोग की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति खराब होने का आरोप लगाया गया और धार्मिक स्तर पर हो रहे उल्लंघनों को ध्यान में रखते हुए उसे विशेष चिंता वाले देश के रूप में शामिल करने को कहा। रिपोर्ट पर मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि रिपोर्ट भारत के बारे में तथ्यों को गलत तरीके से पेश करती है और एक प्रोपगैंडा को बढ़ावा देती है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य आयोग (यूएससीआईआरएफ) पर हमारे विचार सर्वविदित हैं। यह राजनीतिक एजेंडे वाला एक पक्षपाती संगठन है। यह तथ्यों को गलत तरीके से पेश करना और भारत के बारे में एक प्रेरित कहानी को बढ़ावा देना जारी रखता है। हम इस दुर्भावनापूर्ण रिपोर्ट को अस्वीकार करते हैं।

7 पेज वाले इस दस्तावेज को वरिष्ठ नीति विश्लेषक सेमा हसन ने लिखा है। धर्म संबंधित रिपोर्ट में कहा कि भारत ने अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाले यूएससीआईआरएफ के लोगों को देश का वीजा देने से इंकार किया है। इसके अलावा वहां धार्मिक नेताओं को मनमाने तरीके से गिरफ्तार कर लिया जाता है।

## मेरिटल रेप को अपराध बनाने की जरूरत नहीं, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा

**नई दिल्ली.** केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों के देश में बहुत दूरगामी सामाजिक-कानूनी प्रभाव होंगे और इसलिए, सख्त कानूनी दृष्टिकोण के बजाय एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। केंद्र का कहना है कि मौजूदा कानूनों में महिलाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं। विवाह पारस्परिक दायित्वों की संस्था है। भारत में शादी को पारस्परिक दायित्वों की संस्था माना जाता है, जहां कसमों को अपरिवर्तनीय माना जाता है। धारा 375 के अपवाद 2 को खत्म करने से विवाह की संस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि संसद ने वर्तमान मुद्दे पर सभी पक्षों की राय से अवगत होने और अवगत होने के बाद वर्ष 2013 में उक्त धारा में संशोधन करते हुए आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को बरकरार रखने का निर्णय लिया है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने अजहरुद्दीन को किया तलब



**नई दिल्ली.** हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने कांग्रेस नेता और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को तलब किया है। अजहरुद्दीन सितंबर 2019 में एचसीए अध्यक्ष चुने गए थे। जून 2021 में उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा था। उन्हें एपेक्स काउंसिल ने फंड की हेराफेरी के आरोप में एक्शन लिया था।

यह मामला हैदराबाद के उप्पल में राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम के लिए डीजल जनरेटर, अग्निशमन प्रणाली और छतरियों की खरीद के लिए आवंटित 20 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी से जुड़ा है। कांग्रेस नेता को जारी किया गया यह पहला समन है, जिसके तहत उन्हें आज जांच एजेंसी के सामने पेश होना है। इससे पहले नवंबर 2023 में मेडचल मलकाजगिरी जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बी आर मधुसूदन राव ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अजहरुद्दीन को हैदराबाद में उप्पल पुलिस द्वारा दर्ज तीन अलग-अलग आपराधिक मामलों में अग्रिम जमानत दी थी। पुलिस ने अजहर और अन्य पर उप्पल में एचसीए स्टेडियम के लिए क्रिकेट बॉल, जिम उपकरण और अग्निशमन यंत्र खरीदते समय अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। वकील कोंडा कृष्णा ने उस वक्त अजहरुद्दीन की ओर से कहा था कि पुलिस ने उन्हें केवल इसलिए आरोपी बनाया है, क्योंकि वह संबंधित समय में एचसीए के अध्यक्ष थे। उन्होंने बताया था कि 3.5 करोड़ रुपये के काम के लिए टेंडर आवंटित किया गया था, जिसका काम निर्धारित समय के भीतर काम पूरा नहीं कर सका। दूसरी ओर, सरकारी वकील बुची रेड्डी ने कहा था कि भुगतान किया गया, जबकि काम पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा था कि हमने खातों का ऑडिट करवाया और यह एचसीए के पैसे के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला निकला। अजहरुद्दीन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील के रमाकांत रेड्डी ने तब कहा कि यह विडंबना है कि एचसीए के वही सीईओ, जिन्होंने जुलाई 2021 में ऑर्डर दिया था। उन्हीं ने शिकायत दर्ज कराई, जबकि वह निलंबन भी झेल चुके हैं। वकील का आरोप था कि सीईओ अपने निलंबन की वजह से अजहरुद्दीन को फंसा रहे हैं।

## रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का ऐलान



**नई दिल्ली.** नवरात्रि के पहले ही दिन मोदी कैबिनेट ने अपनी स्पेशल बैठक के दौरान रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिन का बोनस का ऐलान किया है। केंद्र ने 2029 करोड़ रुपये की प्रोडक्टिविटीज से जुड़ी बोनस योजना को मंजूरी दी। सरकार के इस फैसले से करीबन 12 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को 11.72 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के 78 दिनों के प्रोडक्टिविटी से जुड़े बोनस के भुगतान को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान में बाद में कहा गया कि यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न कैटेगरीज और अन्य ग्रुप एक्ससी स्टाफ को भुगतान की जाएगी।

### एक लाख करोड़ की दो बड़ी योजनाएं लांच

केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) योजना को मंजूरी दी। इन योजनाओं पर कुल 1,01,321.61 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मंत्रिमंडल के अनुसार, पीएम-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का लक्ष्य सतत कृषि को प्रोत्साहित करना है, जबकि कृषोन्नति योजना के तहत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर आत्मनिर्भरता हासिल की जाएगी। सरकार ने बताया कि यह निर्णय केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए लिया गया है। इन योजनाओं का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में स्थिरता, नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाने में मदद करना है। इससे देश में खाद्य सुरक्षा भी मजबूत होगी, जिससे आने वाले वर्षों में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कई महत्वपूर्ण उपक्रम शामिल हैं, जैसे मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता को बढ़ाना, वर्षा-आधारित क्षेत्र विकास, पारंपरिक कृषि विकास योजना, फसल अवशेष प्रबंधन और प्रति बूंद अधिक फसल सहित कई अन्य कार्यक्रम। इसके साथ-साथ कृषोन्नति योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन, खाद्य तेलों के लिए राष्ट्रीय मिशन और डिजिटल कृषि मिशन जैसी योजनाएं शामिल हैं।

# पंचायती चुनाव सर्वसम्मति से करने की अपील

## सीएम मान बोले- पंचायती चुनावों में पैसे और ताकत का इस्तेमाल करने वालों को नकारें

• **जालंधर ब्रीज.** सतौज (संगरूर)



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य की जनता को आगामी पंचायती चुनाव क्स दौरान पैसे और ताकत का इस्तेमाल करने वालों को पूरी तरह से नकारने का आह्वान किया है। अपने गांव के दौरे क्स दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती चुनाव देश में लोकतांत्रिक प्रणाली की नींव हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनावों का उद्देश्य लोगों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र का हिस्सा बनाना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इन चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग पंचायतों में चुने जाने वाले उम्मीदवारों के लिए सर्वसम्मति बनाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को इन चुनावों में पैसे और ताकत के इस्तेमाल से बचना चाहिए ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बन सकें। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह राज्य भर के गांवों के समग्र विकास के साथ-साथ उनमें सामुदायिक एकता और सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पंचायती चुनाव बिना पार्टी चुनाव चिह्न के लड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे गांवों में गुटबाजी खत्म होगी और ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़े हितों को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों को पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने से रोकने का बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जो भी गांव सर्वसम्मति से पंचायत का चुनाव करेगा, उसे स्टेडियम, स्कूल या अस्पताल सहित पांच लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी पंचायत का सर्वसम्मति से चुनाव कराकर राज्य में मिसाल कायम करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पैतृक गांव के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि आगे भी गांव के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी और यह राज्य का मॉडल गांव बनकर उभरेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के कई गांवों में पहले ही सर्वसम्मति से पंचायतों का चयन किया जा चुका है और अन्य गांवों में भी इस प्रक्रिया को दोहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायतें स्वस्थ लोकतंत्र की नींव हैं और राज्य सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार गांवों का पूर्ण कायाकल्प करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## मलविंदर सिंह कंग ने कंगना रनौत की विवादास्पद टिप्पणी की निंदा की

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के वरिष्ठ नेता और सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कंगना रनौत की पड़ोसी राज्यों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों, विशेष रूप से गुजरात में नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला, जहां पिछले कुछ वर्षों में बड़े स्तर पर नशीली दवाओं के पकड़े जाने की सूचना मिली। भाजपा के दशकों तक गुजरात में सत्ता में रहने के बावजूद, ड्रग्स संकट से निपटने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कंगना भाजपा शासित राज्यों की खबरों को नजरअंदाज कर देती है और पड़ोसी राज्यों के प्रति अपनी नफरत जाहिर करती है।

### यह कहा था कंगना ने



कंगना रनौत ने बुधवार को कहा था कि हमारे पड़ोसी राज्यों से प्रदेश में चिट्टा समेत कई अन्य चीजें आ रही हैं। इन्होंने हमारे युवाओं को बर्बाद कर दिया है। कंगना ने नाम न लेते हुए पड़ोसी राज्य पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चिट्टा हो या उग्रता हो या अन्य, यह लोग बाइक पर हल्ला मचाते हुए आते हैं और ड्रग्स व शराब पीकर उत्पात मचाते हैं।

## मोदी व शाह का पंजाब के प्रति नजरिया कभी ठीक नहीं रहा : नील गर्ग

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ की केन्द्रीय नेतृत्व के साथ मीटिंग पर आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पंजाब के प्रति नजरिया कभी से सही नहीं रहा है। आप पंजाब के वरिष्ठ प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि भाजपा नेतृत्व लगातार पंजाब के खिलाफ काम कर रहा है। केन्द्र सरकार पंजाब का ग्रामीण विकास फंड (आरडीएफ) नहीं दे रही है, जिससे पंजाब के विकास कार्यों पर बुरा असर पड़ रहा है।

# नवंबर में बैचलर पार्टी के लिए भारत की बेस्ट प्लेसिस

**TRAVELLING**

**शादी से पहले अब दुल्हा-दुल्हन अपने दोस्तों और कुछ करीबी दोस्तों के साथ घूमने जाते हैं। अगर आपकी शादी नवंबर में है और घूमने की जगह डिसाइड नहीं की है तो देखिए भारत की बेस्ट प्लेसिस।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

क्या आपकी शादी भी नवंबर-दिसंबर के महीने में होने वाली है? तो इससे पहले आपको अपने दोस्तों और कुछ क्लोज कजिन के साथ बैचलर ट्रिप प्लान करना चाहिए। शादी से पहले अब हर कोई बैचलर पार्टी ऑर्गेनाइज करता है। इसे सेलिब्रेट करने के लिए लोग अपने शहर से दूसरे शहर में जाकर एंजॉय करना पसंद करते हैं। अगर आपकी शादी नवंबर में है तो आपको फटाफट एक जगह डिसाइज कर लेनी चाहिए।

### लद्दाख

बैचलर पार्टी के लिए लद्दाख अच्छी जगह है। इस जगह पर दुनियाभर के लोग जाते हैं। साल के कुछ दिन ये जगह बर्फ की चादर से ढकी रहती है। ऐसे में यहां का मौसम लोगों को खूब पसंद आता है। आप बैचलर पार्टी के लिए इस जगह पर जा सकते हैं। अगर आप एडवेंचर ट्रिप चाहते हैं तो बैचलर पार्टी के लिए यहां जाएं।

### वर्कला

त्रिवेन्द्रम से केवल एक घंटे की दूरी पर, वर्कला बीच नारियल के पेड़ों और शानदार झोंपड़ियों से घिरा है। दिन के समय यहां मनमोहक सूर्यास्त का मजा लें और रात में समुद्र तट के किनारे नाइट लाइफ को एंजॉय कर सकते हैं। सितंबर से अप्रैल तक का महीना यहां जाने के लिए बेस्ट है।

### गोकर्ण

बैचलर पार्टी के लिए साउथ की किसी जगह पर जाना चाहते हैं तो गोकर्ण जा सकते हैं। यहां शांत नाव की सवारी, ऐडवेंचर्स पैरासेलिंग, कयाकिंग से लेकर स्नॉर्कलिंग तक आप इन सभी चीजों का मजा अपने दोस्तों के साथ ले सकते हैं।

### कसोल


कसोल कुल्लू जिले में स्थित हिमाचल प्रदेश का एक फेमस हिप्पी गांव है। बैचलर पार्टी की ट्रिप के दौरान हरे भरे पहाड़ों की ठंडी हवाओं के बीच, शांति में शहर के जीवन से दूर कुछ समय बिताना चाहते हैं तो इस जगह पर जाएं। अगर आप म्यूजिक को एंजॉय करना चाहते हैं तो इस जगह पर आपको कई प्लेसिस मिलेंगी।



**SKEEN CARE**

## बस नहाने के पानी में मिला दें कपूर की टिकिया स्किन और सेहत को मिले फायदे देख हो जाएंगे हैरान

पूजा में इस्तेमाल किया जाने वाला कपूर हमारी सेहत और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद हो सकता है। आज हम पानी में कपूर मिलाकर नहाने के कई हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बात करेंगे।



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

पूजा-पाठ करते समय आपने अक्सर कपूर का इस्तेमाल तो किया ही होगा। सुगंधित कपूर जलाते ही घर में पॉजिटिविटी का माहौल सा बन जाता है। धार्मिक रूप से भी कपूर के कई फायदे बताए गए हैं।

हालांकि ये छोटी सी सफेद टिकिया सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं बल्कि आपकी सेहत के लिए भी कमाल की साबित हो सकती है। इसके लिए बस आपको अपने नहाने वाले पानी में कपूर की टिकिया मिला लेनी है। ये सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लग सकता है लेकिन इस आसान से नुस्खे के ढेर सारे फायदे हो सकते हैं।

### स्किन इन्फेक्शन से मिलती है राहत

कपूर में एंटीबायोटिक और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल से स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम से भी राहत मिलती है। स्किन में छोटे दाने, इचिंग या रैशेज की समस्या होने पर या फिर किसी अन्य प्रकार के स्किन इन्फेक्शन होने पर कपूर के पानी से नहाना राहत दिला सकता है। इसके लिए नहाने के पानी में कपूर की दो-तीन टिकिया मिला कर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इस पानी से नहाएं। पहली ही बार में आपको काफी राहत देखने को मिलेगी।

### दिमाग होगा रिलैक्स

कपूर की खुशबू, दिमाग को रिलैक्स कर के मन को शांत करती है। अपने दिन भर की थकान को दूर करने के लिए और दिमाग को रिलैक्स करने के लिए आप अपने नहाने के पानी में कपूर मिला सकते हैं। कपूर के पानी से नहाने पर शरीर की सारी थकान दूर हो जाती है। इसके साथ ही शरीर और माइंड काफी रिलैक्स और तरोताजा फील करता है।

### त्वचा में लाए नेचुरल निखार

कपूर नेचुरल ब्यूटी प्रोडक्ट की तरह भी काम करता है। कपूर के पानी से नहाने पर त्वचा में निखार आता है। आयुर्वेद की मानें तो नहाने के पानी में थोड़ा सा कपूर मिक्स कर देने से स्किन प्रॉब्लम तो दूर होती ही हैं, साथ ही थोड़े दिनों में त्वचा में नेचुरल ग्लो भी आने लगता है। नारियल के तेल में कपूर को मिक्स कर के लगाने से स्किन ग्लो करती है। इसके साथ ही हेयर ऑयल में कपूर मिक्स कर के लगाने से भी बालों को फायदा मिलता है।

### शरीर दर्द और सिर दर्द में मिलती है राहत

सिर दर्द या बदन दर्द की प्रॉब्लम होने पर भी कपूर के पानी से नहाने पर फायदा मिलता है। बस अपने नहाने के पानी में दो से तीन कपूर की टिकिया मिला दें। दर्द से राहत के लिए आप हल्के गर्म पानी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पानी से नहाने पर सिर दर्द और बदन दर्द में राहत मिलती है, साथ ही इससे बॉडी पूरी तरह से रिलैक्स हो जाती है।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

## घर पर भी बनाकर तैयार की जा सकती है बाजार जैसी किशमिश, बस फॉलो करने होंगे ये किचन टिप्स

घर पर बनाए गए ये किशमिश ना तो मिलावटी होंगे और ना ही आपकी जेब पर ही भारी पड़ेंगे। तो आइए जान लेते हैं घर पर किशमिश बनाने के लिए आपको फॉलो करने होंगे कौन से किचन टिप्स।



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

घर पर आने वाले मेहमानों के लिए कोई स्वीट डिश तैयार करनी हो या फिर डेजर्ट को करना हो गार्निश, घर की रसोई में किशमिश का इस्तेमाल ज्यादातर चीजों में किया जाता है। खाने की चीजों में किशमिश का उपयोग ना सिर्फ उसका टेस्ट बढ़ाता है बल्कि उसे और भी ज्यादा हेल्दी बना देता है। सेहत और स्वाद का ख्याल रखने वाला ये किशमिश अंगूर को सुखाकर बनाया जाता है। इसमें प्रचूर मात्रा में आहार फाइबर और ग्लूकोज और फ्रुक्टोज जैसी प्राकृतिक शर्करा के साथ विटामिन और खनिज भी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं। इसके अलावा किशमिश में पॉलीफेनोल, एंथोसायनिन और फ्लेवोनोल्स जैसे यौगिक की मौजूदगी उसे सेहत के लिए फायदेमंद बनाती है। सेहत और स्वाद का ख्याल रखने वाले ये किशमिश ज्यादातर हर भारतीय रसोई में पाया जाता है। लेकिन कई बार किशमिश अचानक खत्म हो जाते हैं और आपको बाजार जाने का मौका नहीं मिल पाता है, ऐसे में आप पहले से ही घर पर ही बाजार जैसे किशमिश बनाकर तैयार कर सकते हैं, जिन्हें आसानी से स्टोर करके भी रखा जा सकता है। इतना ही नहीं घर पर बनाए गए ये किशमिश ना तो मिलावटी होंगे और ना ही आपकी जेब पर भी भारी पड़ेंगे। तो आइए जान लेते हैं घर पर किशमिश बनाने के लिए आपको फॉलो करने होंगे कौन से किचन टिप्स।

**घर पर किशमिश तैयार करने के लिए अपनाएं ये आसान किचन टिप्स-**

किशमिश के लिए अंगूर खरीदते समय ध्यान रखें ये बातें-

घर पर किशमिश तैयार करने के लिए आप सबसे पहले बाजार से अंगूर खरीदकर ले आएं। किशमिश के लिए अंगूर खरीदते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि अंगूर ना तो बहत मुलायम हों और ना ही स्वाद में बहुत खट्टे हों। मुलायम अंगूर उबालते समय फट जाते हैं जबकि खट्टे अंगूर से बनी किशमिश स्वाद में अच्छी नहीं होती है।

**इस तरह उबालें किशमिश के लिए अंगूर-**

बाजार से खरीदे गए अंगूर से किशमिश बनाने के लिए सबसे पहले अंगूर के डंठल निकालकर उन्हें अच्छी तरह पानी से धोकर साफ कर लें। इसके बाद अंगूर को एक बड़े बर्तन में पानी के साथ गैस पर रखकर धीमी आंच पर तब तक उबालें, जब तक अंगूर फूलकर ऊपर न आ जाएं। जब अंगूर अच्छी तरह उबल जाएं तो गैस बंद करके पानी अलग करके अंगूर को सूखने के लिए अलग रख दें।

**किशमिश बनाने के लिए अंगूर को इस तरह सुखाएं-**

अंगूर को उबालकर अब एक बड़े बर्तन में फैलाकर धूप में सूखने के लिए 3 से 4 दिन के लिए रख दें। आप देखेंगे कि अंगूर अच्छी तरह सूखकर किशमिश बन गया है।

## स्कूल से आने के बाद बच्चों से जरूर करवाएं ये 5 काम

**जालंधर ब्रीज (फीचर) .** बच्चों की होलिस्टिक ग्रोथ यानी संपूर्ण विकास के लिए उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ, उनके मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। जिस तरह से शरीर को हेल्दी रखने के लिए अच्छे खान-पान के साथ योग और एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। ठीक उसी तरह दिमाग को हेल्दी रखने के लिए भी ब्रेन एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। बच्चों के मानसिक विकास के लिए उन्हें सिर्फ स्कूल भेज देना ही काफी नहीं है। इसके लिए आपको भी थोड़ा ध्यान देना होगा। बच्चों के दिमाग को शार्प और हेल्दी बनाने के लिए आप उनसे घर पर डेली कुछ ना कुछ ब्रेन एक्टिविटीज करा सकते हैं। इससे बच्चों का एंटरटेनमेंट भी होगा और साथ ही उनका माइंड भी शार्प होगा। तो चलिए आज ऐसी ही कुछ फायदेमंद और मजेदार एक्टिविटीज पर नजर डालते हैं।




**बच्चे एंजॉय करेंगे क्रिएटिव एक्टिविटीज :** स्कूल में 5-6 घंटे लगातार पढ़ाई करने के बाद जब बच्चा घर आए और उसे अगर फिर से पढ़ने के लिए बिठा दिया जाए, तो जाहिर है बच्चा पढ़ाई से मन चुराएगा ही। ऐसे में स्कूल से आने के बाद बच्चों को कुछ देर के लिए क्रिएटिव एक्टिविटीज में इंवॉल्व करें। आप बच्चों को अपनी हॉबीज के अकॉर्डिंग एक्टिविटीज पिक करने में हेल्प कर सकते हैं। फिर वो कुछ भी हो सकता है जैसे - डांस, क्राफ्ट मेकिंग, पेंटिंग, ड्राइंग या कुछ और। इससे बच्चों का दिमाग रिफ्रेश होगा, साथ ही बच्चों की मेंटल ग्रोथ के लिए भी ये काफी हेल्पफुल है।

**पावर नैप है बहुत जरूरी :** वैसे तो पावर नैप हर किसी के लिए जरूरी है लेकिन बच्चों के केस में अक्सर पैरेंट्स ये भूल कर जाते हैं। उन्हें लगता है कि बच्चे को पावर नैप की कोई खास जरूरत नहीं है, जबकि ये उनकी मेंटल ग्रोथ में बहुत पॉजिटिव रोल प्ले करता है। स्कूल जाने वाले बच्चे सुबह जल्दी उठ जाते हैं। इसके बाद स्कूल जाकर वहां पढ़ाई और खेल-कूद करने से बच्चे थक जाते हैं। ऐसे में स्कूल से आने के बाद उन्हें थोड़ी देर के लिए पावर नैप जरूर दिलाना चाहिए। इससे बच्चों की थकान तो दूर होगी ही, साथ ही माइंड भी रिफ्रेश हो जाएगा। इसके बाद बच्चा पढ़ाई और अन्य चीजों पर अच्छे से फोकस कर पाएगा।

**माइंड गेम से शार्प होगा बच्चों का दिमाग :** बच्चों के दिमाग को एक्टिव और शार्प बनाने के लिए आप उन्हें माइंड गेम्स में भी इंवॉल्व कर सकते हैं। बोर्ड गेम्स, सुडोकू गेम, पहेली, क्रॉस वर्ड, चेस आदि कुछ ऐसे माइंड गेम्स हैं जिन्हें खेलने से बच्चों का माइंड तो शार्प होता ही है इसके साथ ही उनकी डिसिजन मेकिंग स्किल्स, रीजनिंग स्किल्स और ऑब्जरवेशनल स्किल्स भी स्ट्रॉन्ग होती हैं।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# दिल के लिए खतरा बन सकती हैं आपकी रोजाना की आदतें, लापरवाही पड़ सकती है भारी

**HEALTH**

वर्ल्ड हार्ट डे हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य दिल की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस खास मौके पर जानें दिल के लिए खतरा बनने वाली ये आदतें-



• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

अच्छी सेहत का मतलब है अच्छे और स्वस्थ अंग। दिल हमारे शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक है। क्योंकि ये ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को लेकर ब्लड को शरीर के हर हिस्से में पहुंचाता है। लेकिन अक्सर लोग दिल के स्वास्थ्य को नजरअंदाज करते हैं और ऐसी आदतों को अपनाते हैं जो दिल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य दिल की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस खास मौके पर आज जानते हैं रोजाना की उन आदतों के बारे में जो दिल की बीमारियों के लिए खतरा बढ़ा सकती हैं।

- स्मोकिंग
- स्मोकिंग सेहत के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है। ये शरीर के हर अंग को नुकसान पहुंचा सकती है। यह हार्ट हेल्थ और स्ट्रोक का कारण बन सकती है। सिगरेट में कार्बनमोनोऑक्साइड ज्यादा मात्रा में होता है, जो ब्लड काउंट को घटाकर कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।
- खराब डायट
- संतृप्त फैट और ट्रांस फैट से भरपूर बहुत खाने की चीजों को खाने से नजो में प्लाक जमा हो जाता है, जिससे दिल को पूरे शरीर में रक्त पंप करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। वहीं बहुत ज्यादा नमक आपके ब्लडप्रेशर को बढ़ा सकता है।
- बहुत ज्यादा स्ट्रेस
- किसी भी कारण से होने वाला स्ट्रेस आपके दिल पर दबाव डाल सकता है। यह नसों को नुकसान पहुंचाने के साथ हार्ट अटैक के खतरे को बहुत ज्यादा बढ़ा सकता है। इसे बेहतर तरह से मैनेज करने के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए।
- कोई एक्टिविटी न करना
- कोई एक्टिविटी न करना दिल से जुड़ी बीमारियों का कारण बन सकती है। यहां तक कि उन लोगों के लिए भी ये समस्या बन सकता है जिन्हें दिल की कोई बीमारी नहीं है। एक्टिविटी न करने पर मोटापा बढ़ सकता है। इसी के साथ ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है। टाइप 2 डायबिटीज का भी खतरा बढ़ सकता है।

***नोट :** इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने स्वच्छता ही सेवा और विशेष अभियान 4.0 के तहत स्कूली बच्चों को स्वच्छता से जोड़ने के लिए पहल का आयोजन किया



**• जालंधर ब्रीज .** लुधियाना

कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और पूरे भारत में स्थित इसके विभिन्न संस्थान विभिन्न पहलों के माध्यम से स्वच्छता और सफाई को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। विशेष रूप से, स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 के दौरान नागरिकों को "स्वच्छता" की भावना से जोड़ने पर काम किया जा रहा है। स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों को देखकर खुशी होती है।

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत, आईसीएआर और इसके विभिन्न संस्थानों द्वारा विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिससे स्कूली बच्चों को स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता से जोड़ने के लिए सबसे अनोखी और प्रेरक पहलों का पता लगाया जा सके।

लुधियाना स्थित आईसीएआर-सीआईपीएचईटी के विशेषज्ञों की टीम ने स्कूली बच्चों के रचनात्मक पुनर्चक्रण के लिए बीआरएस नगर फ्लाईओवर और नहर के ऊपर पुल के चौराहे पर एक अनूठी और प्रेरक पहल की। सौंदर्यीकरण के लिए स्क्रैप सामग्री, विशेष रूप से फेंके हुए टायर और प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग सरल है। यह न केवल कचरे को नहर में जाने से रोकता है, बल्कि यह एक साधारण जगह को भी देखने में आकर्षक बनाता है।

कल्पना कीजिए कि पुल और फ्लाईओवर की पृष्ठभूमि में फूल और सजावटी पौधे कितने रंगीन और जीवंत दिख रहे होंगे। इसके अलावा, अभियान के दौरान स्वच्छता ही सेवा मेला भी शुरू किया गया। इन आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने का अवसर मिलता है। विशेष रूप से, चित्रकला प्रतियोगिताएं उन्हें अपने विचार और दृष्टिकोण व्यक्त करने का अवसर देती हैं। साथ ही, यह जागरूकता फैलाने और दूसरों को इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने का एक मजेदार तरीका है। इस आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न स्कूलों के 550 छात्रों ने भाग लिया।

कुल मिलाकर, यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। यह केवल सफाई के बारे में ही नहीं बल्कि सभी के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा और अधिक सुंदर वातावरण बनाने के बारे में है। आईसीएआर-सीआईपीएचईटी की टीम और इसमें भाग लेने वाले सभी छात्रों को बधाई!

## चेतक कोर द्वारा 154वीं गांधी जयंती को समर्पित स्वच्छता अभियान चलाया गया

**बठिंडा .** भारतीय सेना के जवानों ने महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मनाने के उपलक्ष में चेतक कोर क्षेत्र के विभिन्न सैन्य स्टेशनों पर "स्वच्छता अभियान" चलाया। समय के साथ, बठिंडा सैन्य स्टेशन भी बड़े पैमाने पर सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से प्रभावित हुआ है, जो बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियां पैदा करता है।

इस अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि के रूप में, भारतीय सेना ने स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से बठिंडा सैन्य स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए कदम उठाए। इस कार्यक्रम में एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जब सभी प्रतिभागियों ने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करके स्वच्छता मिशन का समर्थन करने की प्रतिज्ञा ली।

इसके बाद कोर के सभी जवानों को शामिल करते हुए एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस समन्वित प्रयास में सेना ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई। सैन्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी के साथ, इस आयोजन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बठिंडा स्वच्छता और स्थिरता के लिए एक मॉडल बने, जो अंततः देश में प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने के बड़े लक्ष्य में योगदान दे।



## एनआईटी जालंधर ने मनाया 'स्वच्छ भारत दिवस'

**जालंधर .** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत, एनआईटी जलंधर ने महात्मा गांधी की जयंती पर 'स्वच्छ भारत दिवस' के अवसर पर ' श्रमदान ' सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कनौजिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. अजय बंसल (रजिस्ट्रार), प्रो. रमन बेदी (डीन अकादमिक्स), प्रो. अनीश सचदेवा (डीन छात्र कल्याण), प्रो. ममता खोसला (डीन उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय संबंध), प्रो. सुभाष चंदर (डीन योजना और विकास), डॉ. किरण सिंह (समन्वयक) और डॉ. अशोक बग्गा (समन्वयक) उपस्थित थे। कई फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्रों ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और परिसर की सफाई करके स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। प्रो. कनौजिया ने साफ-सुथरे और स्वस्थ वातावरण को बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देने में इस अभियान के महत्व पर जोर दिया और इसके भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया। इस अभियान के तहत संस्थान में कई प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें 'सफाईमित्र सुरक्षा शिविर' थीम के तहत एक स्वास्थ्य जांच शिविर और स्वच्छता की शपथ शामिल थी। इस पहल ने परिसर और समुदाय में स्वच्छता बनाए रखने की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी। जालंधर के सुरा स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान पर आधारित कई गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

इन गतिविधियों में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता संवाद और स्वच्छता कक्षा शामिल थीं, जिनका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न स्वच्छता अभ्यासों के बारे में शिक्षित करना था। प्रो. अजय बंसल, रजिस्ट्रार, ने इस अभियान को सफल बनाने में उनके उत्साही भागीदारी के लिए सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों को बधाई दी।




## पंजाब राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया

**लुधियाना .** क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशालय पंजाब तथा राष्टीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान लुधियाना तथा पंजाब राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया। इस आयोजन के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया जिसमें "सामूहिक स्वच्छता शपथ, तालाब की सफाई, निबंध लेखन, संगोष्ठी, घास और झाड़ी कटाई, स्वच्छता मेराथन, 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता लक्ष्य इकाई (सी.टी.यू.) इश्मीत सिंह मार्ग , आत्म नगर , मॉडल टाउन, लुधिअना में सफाई का कार्य, श्रमदान तथा इस पखवाड़े के समापन पर सफाई योद्धाओं और मालियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल अरोड़ा क्षेत्रीय निदेशक पंजाब, डॉ प्रमेन्द्र तिलन्थे उपनिदेशक एवं जगदीश चंद निशाना सहायक निदेशक जी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया तथा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद किया।





## मोदी सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लोगों की मुश्किलें कम करने में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली



गृह मंत्रालय (MHA) ने राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (NDRF) से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को ₹5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र को ₹1,492 करोड़, आंध्र प्रदेश को ₹1,036 करोड़, असम को ₹716 करोड़, बिहार को ₹655.60 करोड़, गुजरात को ₹600 करोड़, हिमाचल प्रदेश को ₹189.20 करोड़, केरल को ₹145.60 करोड़, मणिपुर को ₹50 करोड़, मिजोरम को ₹21.60 करोड़, नागालैंड को ₹19.20 करोड़, सिक्किम को ₹23.60 करोड़, तेलंगाना को ₹416.80 करोड़, त्रिपुरा को ₹25 करोड़ और पश्चिम बंगाल को ₹468 करोड़ जारी किए गए हैं। ये राज्य इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के कारण प्रभावित हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मोदी सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लोगों की मुश्किलें कम करने में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

सरकार ने बाढ़ प्रभावित राज्यों असम, मिजोरम, केरल, त्रिपुरा, नागालैंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मणिपुर में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल (IMCT) भेजे गए थे। इसके अलावा, बिहार और पश्चिम बंगाल में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए जल्द ही IMCT भेजी जाएंगी। ये दोनों राज्य हाल ही में बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। स्थापित व्यवस्था के अनुसार, IMCT की आकलन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आपदा प्रभावित राज्यों को NDRF से अतिरिक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस वर्ष 21 राज्यों को ₹14,958 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है। इसमें SDRF से 21 राज्यों को ₹9,044.80 करोड़, NDRF से 15 राज्यों को ₹4,528.66 करोड़ और राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (SDMF) से 11 राज्यों को ₹1,385.45 करोड़ रुपये शामिल हैं।

वित्तीय सहायता के अलावा, केन्द्र सरकार ने सभी बाढ़ प्रभावित राज्यों को अपेक्षित NDRF व थल सेना की टीमों की तैनाती और वायु सेना के सहयोग सहित सभी लॉजिस्टिक मदद भी प्रदान की है।

## शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन ने सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) की महानिदेशक का पदभार संभाल

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली



शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन ने सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) की महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। वह यह पदभार संभालने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। डीजीएएफएमएस, सशस्त्र बलों से सम्बंधित समग्र चिकित्सा नीति मामलों के लिए सीधे रक्षा मंत्रालय के प्रति उत्तरदायी है। 46 वें डीजीएएफएमएस के रूप में पदभार संभालने से पहले, फ्लैग ऑफिसर ने डीजी मेडिकल सर्विसेज (नौसेना), डीजी मेडिकल सर्विसेज (वायु) और पुणे स्थित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय (एएफएमसी) के निदेशक और कमांडेंट के प्रतिष्ठित पदों पर कार्य किया। वह एएफएमसी, पुणे की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने दिसंबर 1985 में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में कार्यभार संभाला था। वह एएफएमसी, पुणे से रेडियोडायग्नोसिस में एमडी हैं और मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल से रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड होने के साथ ही उन्होंने पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय से गामा नाइफ सर्जरी में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। अपने 38 वर्षों के कार्यकाल में फ्लैग ऑफिसर ने प्रोफेसर और प्रमुख, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) और कमांड हॉस्पिटल (दक्षिणी कमान)/एएफएमसी पुणे, कमांडिंग ऑफिसर, आईएनएचएस अश्विनी, दक्षिणी और पश्चिमी नौसेना कमान में कमांड मेडिकल ऑफिसर सहित विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है।

फ्लैग ऑफिसर ने भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं में सेवा करने का दुर्लभ गौरव प्राप्त प्राप्त किया है। उन्हें भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट से कैप्टन तक, भारतीय नौसेना में सर्जन लेफ्टिनेंट से सर्जन वाइस एडमिरल तक तथा भारतीय वायु सेना में एयर मार्शल के रूप में कार्य करने का अनुभव है।

परम निष्ठा और पूरी प्रतिबद्धता के साथ रोगी की देखभाल के लिए उनके समर्पण को देखते हुए, फ्लैग ऑफिसर को वर्ष 2024 में अति विशिष्ट सेवा पदक से नवाज़ा गया। इससे पहले उन्हें वर्ष 2021 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें विशिष्ट सेवा के लिए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ प्रशस्ति (2017), चीफ ऑफ नेवल स्टाफ प्रशस्ति (2001) और जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ प्रशस्ति (2013) से भी सम्मानित किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा मेडिकल प्रोफेशनल्स के लिए सुरक्षित कार्य स्थितियों और प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए हाल ही में फ्लैग ऑफिसर को राष्ट्रीय टास्क फोर्स के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने युवा महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है और इसलिए वह सरकार की नारी शक्ति पहल के लिए एक शानदार आइकन हैं।

### डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और न्यूट्रिशन

## आईएचएम ने विश्व पर्यटन दिवस 2024 के दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया

**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (जो कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है), चंडीगढ़, जो कि आतिथ्य शिक्षा प्रदान करने वाला एक प्रमुख संस्थान है, संस्थान के परिसर में "विश्व पर्यटन दिवस" को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया।

विश्व पर्यटन दिवस पर्यटन के महत्व, उसकी अर्थव्यवस्था और संस्कृतियों पर प्रभाव, और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करता है। यह एक वार्षिक आयोजन है जो विश्व के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित होता है। इसी क्रम में, संस्थान ने दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें इंटर स्कूल और कॉलेज स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस आयोजन में करीब 200 छात्रों ने भाग लिया, जो 6 स्कूलों और 11 कॉलेजों जैसे कि कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, GGMSSS सेक्टर-20B, चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (CIHM), देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन, PGGCG सेक्टर-11, चितकारा यूनिवर्सिटी और कई अन्य संस्थानों से आए थे।

इसके बाद प्रतिभागियों को एक चॉकलेट मूर्तिकला सत्र का आनंद लेने का मौका मिला। शेफ भानु शर्मा द्वारा विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों ने इन तकनीकों को बहुत ही नवाचारी और आकर्षक पाया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के समापन के बाद, संस्थान के सम्मानित फैकल्टी शेफ जवाहर ने सभी प्रतिभागियों के लिए एक शानदार केक सजावट का प्रदर्शन किया। सभी छात्र इस गतिविधि से मंत्रमुग्ध हो गए और उन्होंने उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के बाद सभी प्रतिभागियों को चाय और जलपान प्रदान किया गया। एआईएचएम ने किचन क्लब, एफएनबी क्लब और ऑर्गेनाइजिंग क्लब के प्रति उनके भारी योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। विभाग के प्रमुख, श्रीमती शालिनी सचदेवा ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ इस आयोजन का समापन किया और विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से आए सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## पश्चिमी कमान के सेना कमांडर ने टफमैन चंडीगढ़ हाफ मैराथन 2024 को हरी झंडी दिखाई

**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़





पश्चिमी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने टफमैन चंडीगढ़ हाफ मैराथन 2024 के 5वें संस्करण में पश्चिमी कमान की एक उत्साही टीम का नेतृत्व किया। फिटनेस के प्रति समर्पित, सेना कमांडर ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और फिर प्रतिभागियों के साथ हाफ मैराथन दौड़ में शामिल भी हुए। चुनौतीपूर्ण दौड़ के बाद, उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार दिए और उपस्थित सभी लोगों को समग्र कल्याण, स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

दौड़ में एनके गोपाल सिंह और सिपाही गुरप्रीत सिंह ने क्रमशः 10 किमी और 21 किलोमीटर (आयु - 18 से 30 वर्ष) में पहला स्थान हासिल किया और सिपाही दिनेश 10 किलोमीटर (आयु 30 से 40 वर्ष) में पहले स्थान पर आए और पश्चिमी कमान का नाम रोशन किया।

पश्चिमी कमान ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण हेतु नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करती है।

# एक्शन में सीपी जालंधर, पुलिस स्टेशनों का किया औचक निरीक्षण

## कहा- प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह पुलिसिंग प्रदान करना है उद्देश्य





• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

प्रभावी, उत्तरदायी और पारदर्शी पुलिस प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त जालंधर स्वप्न शर्मा ने गुरुवार को शहर के पुलिस स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर ने थाना डिवीजन नंबर 7 और 8 में चेकिंग की। चेकिंग दौरान पुलिस आयुक्त ने इन पुलिस स्टेशनों में लंबित मामलों की जांच की और अधिकारियों को उन्हें निपटाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी अनुचित एवं अवांछनीय है। स्वपन शर्मा ने कहा कि पुलिस अधिकारियों की ऐसी लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस आयुक्त ने लंबित मामलों को निपटाने के लिए पुलिस के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए यह भी कहा कि सभी मामलों को उनके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। स्वपन शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि इन मामलों से निपटने में पुलिस अधिकारियों की ओर से किसी भी तरह की लापरवाही से सख्ती से निपटा जाएगा।

पुलिस कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिया कि अगर 72 घंटे के अंदर चालान चेकिंग नहीं हुई तो एसीपी और एडीसीपी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि चेकिंग का उद्देश्य खामियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि चेकिंग का मकसद गलती निकालना नहीं है बल्कि असली मकसद लोगों की सुविधा के लिए जमीनी स्तर पर स्थिति का जायजा लेना है।

## 42 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

### पुलिसकर्मियों को 7.5 लाख रुपये का नकद इनाम दिया

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने गुरुवार को 42 अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट समर्पण के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र श्रेणी -1 से सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि इन मेहनती अधिकारियों को उनके असाधारण प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल 42 अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट समर्पण के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र श्रेणी-1 से सम्मानित किया गया।

स्वप्न शर्मा ने कहा कि इन अधिकारियों को सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति उनकी अथक प्रतिबद्धता के लिए नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर जालंधर ने इन मेहनती अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुल 42 पुलिस अधिकारियों को 7.5 लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार के साथ-साथ प्रशंसा पत्र भी दिए गए हैं। स्वप्न शर्मा ने बताया कि इन अधिकारियों में सात निरीक्षक, चार उपनिरीक्षक, 11 सहायक उपनिरीक्षक, पांच हेड कांस्टेबल और 15 कांस्टेबल शामिल हैं। पुलिस आयुक्त ने शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन अधिकारियों के अथक प्रयासों और दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की।

# किसानों को पराली न जलाने के बारे में किया जागरूक



• **जालंधर ब्रीज.** फगवाड़ा

जिला प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों को पराली न जलाने के बारे में जागरूक किया और उन्हें पराली जलाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया गया। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. बलबीर चंद ने कृषि विभाग की टीम के साथ फगवाड़ा के गाँव बर्न, रानीपुर, बोहानी और बबेली गांवों का दौरा कर किसानों को फसली अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की अपील करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जा रही कृषि मशीनरी का उपयोग करके पराली का निपटान करने को आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की पांच जागरूकता वैन जिले के विभिन्न सब डिविजनों में जाकर किसानों को पराली न जलाने के बारे में जागरूक कर रही हैं और उन्हें विभाग द्वारा सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जाने वाली कृषि मशीनों के बारे में भी जागरूक कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में लगभग 32 बेलर भी चल रहे हैं जिससे पराली को गांठें बनाकर बॉयलर यूनिटों में ईंधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

# रक्तदान में पंजाब भारत के तीन प्रमुख राज्यों में से एक

### पंजाब के सरकारी अस्पतालों में सभी मरीज़ों के लिए मुफ्त रक्त उपलब्ध: डॉ. बलबीर सिंह

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



मानवता के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए, पंजाब ने स्वैच्छिक सेवा और रक्तदान में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। पंजाब को यह मान्यता 1 अक्टूबर, 2024 को जयपुर, राजस्थान में 'इंडिया ब्लड डोनेशन एनजीओ कॉन्क्लेव' के दौरान भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेशालय सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं (डीजीएचएस) की ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं (बीटीएस) द्वारा प्रदान की गई है।

इस उपलब्धि के लिए स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल , पंजाब को बधाई देते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह मान्यता वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी गई है। इस अवधि में, काउंसिल ने 11,109 रक्तदान शिविर लगाए और भारत सरकार के 460,000 यूनिट के लक्ष्य को पार करते हुए 493,000 यूनिट रक्त एकत्र किया। यह पुरस्कार बीटीएस/पीएसबीटीसी के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनीता देवी और श्री सुरिंदर सिंह ने राज्य की ओर से प्राप्त किया। डॉ. बलबीर सिंह ने सुरक्षित रक्त की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य और रक्त संचार टीमों के निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने ऐसी लोकहितकारी पहलों को चलाने और राज्य भर में स्वैच्छिक रक्तदान प्रयासों को और मजबूत करने के लिए परियोजना निदेशक पीएसएसीएस-कम-निदेशक, पीएसबीटीसी, वरिंदर कुमार शर्मा के समर्थन और नेतृत्व की भी प्रशंसा की।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पंजाब में 182 लाइसेंस प्राप्त ब्लड सेंटरों का एक मजबूत नेटवर्क मौजूद है, जिसमें सभी जिलों में फैले 49 सरकारी ब्लड सेंटर शामिल हैं, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए व्यापक रक्त कवरेज सुनिश्चित करते हैं। इन केंद्रों में से, 83 लाइसेंस प्राप्त ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट्स (बीसीएसयू) हैं, जिनमें से 26 सरकारी ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट्स (बीसीएसयू) हैं, जो प्लेटलेट्स और प्लाज्मा जैसे महत्वपूर्ण रक्त घटकों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए मरीजों की देखभाल में और सुधार करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के जिला अस्पतालों, उप-जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों सहित सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में मरीज़ों के लिए मुफ्त रक्त उपलब्ध है, ताकि कोई भी इस जीवन रक्षक संसाधन से वंचित न रहे।

# बिजनेस ब्लास्टर प्रोग्राम के लिए 1.38 लाख से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत

### विद्यार्थियों के लिए 7813 अध्यापकों द्वारा चलाया जा रहा है यह कार्यक्रम

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार के बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम ने सरकारी स्कूलों के छात्रों में बड़ी लोकप्रियता हासिल की है। स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने गुरुवार को बताया कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने नवंबर 2022 में यंग एंटरप्रेन्योर प्रोग्राम स्कीम के तहत स्कूल शिक्षा विभाग, पंजाब के माध्यम से बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम शुरू किया था। उन्होंने बताया कि छात्रों द्वारा प्रस्तुत व्यावसायिक विचारों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 52,050 छात्र (जो अब 12वीं कक्षा में हैं) विभिन्न व्यापारिक विचारों पर काम कर रहे हैं, जिन्हें सीड मनी प्रदान करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए 10 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि जारी कर चुकी हैं। 1 अक्टूबर 2024 तक, 46,910 छात्रों के बैंक खातों में 9,38,20,000 रुपये की सीड मनी जमा कर दी गई है और यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। बाकी की राशि आने वाले कुछ बैंकिंग दिनों में छात्रों के खातों में जमा कर दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत राज्य के 9 जिलों के 32 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के 11वीं कक्षा के 11,041 छात्रों के साथ की गई थी। बैंस ने बताया कि यह कार्यक्रम राज्य के सभी 23 जिलों के 1,920 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में शुरू किया गया है, जिसमें 7,813 शिक्षकों द्वारा 11वीं कक्षा के 1,83,192 छात्रों के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्रों की विशेष रुचि है, जिसके चलते इस वर्ष 1,38,676 छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है।

# उत्तराखंड के राज्यपाल का चंडीमंदिर मिलिट्री स्टेशन में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद




• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को चंडी मंदिर मिलिट्री स्टेशन, पंचकुला में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद किया। सैनिकों से मुलाकात कर उनके कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा ईसीएचएस और सीएसडी सुविधाओं में आ रही परेशानियों, पेंशन की समस्याओं सहित पूर्व सैनिकों के अनुभवों और उनकी सेवाओं को लाभ लेने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक मेरा विस्तारित परिवार है उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी सुझावों को सक्षम स्तर तक पहुंचाने और यथासंभव उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि हर एक पूर्व सैनिक देश एवं समाज के लिए कुछ न कुछ योगदान देने के लिए तत्पर है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण और उनकी क्षमता उच्चतम स्तर की है, जिससे सेना में युवा ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने इस योजना को राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि यह न केवल सशस्त्र बलों में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएगी, बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि अग्निवीरों को प्रशिक्षित करने वाले कई कमांडरों से वार्ता की है इस दौरान उन्होंने अग्निवीरों के जज्बे और प्रशिक्षण को अद्भुत बताया।

इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पश्चिम कमान के स्वर्णिम इतिहास को दर्शाते संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां उन्होंने संग्रहालय के दस्तावेजों, अभिलेखों और यादगार वस्तुओं का अवलोकन किया।

इस ऐतिहासिक महत्व के संग्रहालय को देखकर कहा की यह देखकर गर्व का अनुभव हुआ की 21 में से 11 परमवीर चक्र इसी कमान को मिले हैं। उन्होंने वीर जांबाजों को नमन कर उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। राज्यपाल ने इस दौरान पश्चिम कमान मुख्यालय में स्थित के वीर स्मृति स्थल पर जाकर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सैन्य अधिकारी और पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# पंजाब के आईटीआई संस्थानों का बदलेगा स्वरूप : बैंस

### राज्यसभा सदस्य डॉ. साहनी के साथ छह तकनीकी शिक्षा संस्थानों को अपनाने संबंधी एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के तकनीकी शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के प्रयासों से राज्य के छह आई.टी.आईज. संस्थानों को राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी द्वारा अपनाने संबंधी आज एक एम.ओ.यू. साइन किया गया। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि पंजाब के युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा देने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन तकनीकी प्रगति के कारण हमारे आई.टी.आईज.संस्थानों में नवीनतम शिक्षा देने में कुछ कमी महसूस हो रही थी। इसलिए उन्होंने विक्रमजीत सिंह साहनी से समन्वय स्थापित कर उनसे इस मामले में मदद करने का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए श्री साहनी ने राज्य के छह आई.टी.आईज. संस्थानों को अपनाने संबंधी आज एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए हैं। एम.ओ.यू. के अनुसार, डॉ. साहनी इन छह आई.टी.आई. संस्थानों के अपग्रेडेशन के लिए 11 करोड़ रुपये खर्च करेंगे, जिनमें आई.टी.आई. लुधियाना, आई.टी.आई. पटियाला, आई.टी.आई. मानकपुर शरीफ, जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर, आई.टी.आई. सुनाम, और आई.टी.आई. लालडू शामिल हैं।

बैंस ने बताया कि इन आई.टी.आईज. संस्थानों को स्थानीय उद्योगों से जोड़ा जाएगा और आई.टी.आई. के छात्रों के लिए प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप के लिए एक मजबूत उद्योग-संयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौते के तहत मोहाली आई.टी.आई. में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एयर होस्टेस, ब्यूटी वेलनेस, और यूनिअर नर्स का कोर्स शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों से दस हजार युवाओं को नौकरियां मिलेंगी।

बैंस ने कहा कि लालडू और मानकपुर शरीफ आई.टी.आई. को ड्रोन अकादमी के रूप में विकसित किया जाएगा, जो देश में ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रमुख संस्थानों में से एक होंगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आगामी नवंबर महीने में लुधियाना का आई.टी.आई. एक्सीलेंस सेंटर लॉन्च किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह जी के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसका उदाहरण यह है कि आई.टी.आई. संस्थानों में सीटों की संख्या 28,000 से बढ़ाकर 35,000 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे जहां औद्योगिक इकाइयों को प्रशिक्षित कर्मी मिलेंगे, वहीं राज्य में बेरोजगारी को कम करने और नशे की समस्या को समाप्त करने में भी मदद मिलेगी।

# बुमराह दोबारा बने टेस्ट के नंबर-1 गेंदबाज



फोटो-बीसीसीआई

### रैंकिंग में टॉप पर काबिज आर अश्विन को पछाड़ा

**स्पोर्ट्स डेस्क.** कानपुर टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट लेने के बाद जसप्रीत बुमराह दुनिया के नए नंबर 1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने रैंकिंग में टॉप पर काबिज आर अश्विन को पछाड़ दिया है और उनकी जगह काबिज हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। बुमराह के खाते में अब 870 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं जबकि अश्विन के खाते में इससे एक अंक कम है। रविंद्र जडेजा गेंदबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर हैं।

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में भी भारत ने बड़ा सुधार किया है। कानपुर टेस्ट की दोनों पारियों में फिफ्टी जमाने वाले यशस्वी जायसवाल की रैंकिंग में बड़ा उछाल आया है। महज 11 टेस्ट के बाद ही वो बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। टेस्ट रैंकिंग में अन्य अहम बल्लेबाजों में भारत के विराट कोहली की बल्लेबाजों की सूची में टॉप-10 में वापसी हुई है।

बता दें कि कोहली ने कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 रन की पारी खेलने के बाद 6 स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से रेड बॉल क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत 9वें नंबर पर हैं। जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 15वें स्थान पर हैं।

# खेडां वतन पंजाब दीया-2024 : किक बॉक्सिंग अंडर-21 लड़के 51 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में अंशु अव्वल

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



'खेडां वतन पंजाब दीया-2024' के तहत गुरुवार को जिला स्तरीय टूर्नामेंट के आखिरी दिन किक बॉक्सिग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला खेल अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने खेल मुकाबलों के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि किक बॉक्सिग अंडर-21 लड़कों की 51 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में अंशु ने पहला स्थान जबकि सूर्यविक को दूसरा और अभिषेक को तीसरा स्थान मिला। इसी प्रकार 57 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में मोहित ने पहला, अमित ने दूसरा तथा आयुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 63 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में कुणाल पहले और कुणाल मेरिटोरियस स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 69 किलोग्राम भार वर्ग में तरूण शर्मा ने पहला, विवेक ने दूसरा तथा किशन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.